राजस्थान सरकार

स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर

कमांक :एफ 10 (न.पा.)(गठन)(  )(ब.घो.)डीएलबी/24/7691    दिनांक 26/03/2025

# अधिसूचना

विभागीय अधिसूचना कमांक 351 दिनांक 19.02.2021 के कम में भारत के संविधान के अनुच्छेद 243 थ केखण्ड (2)एवं राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009, (2009 का अधिनियम सं. 18 ) की धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (क)(i) एवं उप–धारा(8) के खण्ड (ग) सपठित धारा 329 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं मानकों को दृष्टिगत रखते हुए, राज्य सरकार ग्रांम पंचायत पौंख जिला झुंझुनू के क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए विभागीय अधिसूचना कमाक प.10 (न.पा.)(गठन)( )(ब.घो.) /डीएलबी/23/2386 दिनांक 11.07.2023 के द्वारा चतुर्थ श्रेणी की नगर पालिका घोषित किया गया था, साथ ही विभागीय अधिसूचना कमांक 2025 दिनांक 01.06.2021 के अन्तर्गत ग्रांम पंचायत पौंख के निर्वाचित सरपंच/उपसरपंच को कमशः अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष एवं वार्ड पंचों को वार्ड सदस्य समझा जाने हेतु निर्देशित किया गया था ।

अतः राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 (2009 का अधिनियम सं. 18) की धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (क) (i) एवं उप–धारा (8) के खण्ड (ग) सपठित धारा 329 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विभागीय अधिसूचना कमांकप.10 (न.पा.)(गठन)(  )(ब.घो.)/डीएलबी/23/2386 दिनांक 11.07.2023 को प्रशासनिक कारणों से एतदद्वारा तत्काल प्रभाव से प्रत्याहारित ( Withdraw ) किया जाता है। नगरपालिका पौंख (जिला झुंझुनूं ) के क्षेत्र में सम्मिलित ग्रांम पंचायतें एवं राजस्व ग्रांम पूर्ववत पंचायत का भाग रहेगें तथा ग्रांम पंचायत पौंख यथावत कार्यरत रहेगी ।

यह आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

राज्यपाल की आज्ञा से

(इन्द्रजीत सिंह)
निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव

Scanned with OKEN Scanner

क्रमांक :एफ 10 (न.पा.)(गठन)(   )(ब.घो.)डीएलबी / 24 / 7692-7720 दिनांक: 26 / 03 / 2025
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :—

01. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, मुख्य मंत्री,कार्यालय राज. जयपुर ।
02. निजी सचिव, माननीय मंत्री महोदय, स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर।
03. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव महोदय, स्वायत शासन विभाग,राज.जयपुर।
04. निजी सचिव, निदेशक एवं विशिष्ट सचिव, स्वायत शासन विभाग,राज.जयपुर।
05. आयुक्त / निदेशक, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज. विभाग, राज. जयपुर को सूचनार्थ एवं नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
06. संभागीय आयुक्त , जयपुर राजस्थान ।
07. जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जयपुर ।
08. सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, राज. जयपुर ।
09. निदेशक / अधीक्षक,राजकीय केन्द्रीय लेखन एवं मुद्रणालय, राज. जयपुर को आगामी असाधारण अंक राज.राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशनार्थ ।
10. समस्त अधिकारीगण निदेशालय / उपनिदेशक क्षेत्रीय.जयपुर राजस्थान ।
11. अधिशासी अधिकारी नगर पालिका पौंख जिला झुंझुनूं।
12. जनसम्पर्क अधिकारी / प्रोग्रामर निदेशालय ।
13. सुरक्षित पत्रावली ।

निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव

Scanned with OKEN Scanner